पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 10 जनवरी 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव में अभाविप की बड़ी जीत।

गोवा विवि छात्र परिषद में अध्यक्ष पद पर अक्षय शेट और सचिव पद पर सुदीप नाईक व ईसी के सभी 6 पदों पर अभाविप कार्यकर्ताओं ने जीत दर्ज की।

गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद के चुनाव में विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता अक्षय शेट और सुदीप नाईक ने क्रमशः अध्यक्ष और सचिव पद पर जीत दर्ज की है, साथ ही एक्जीक्यूटिव काउंसिल के 6 पदों पर अभाविप के कार्यकर्ता निर्वाचित हुए हैं। अभाविप के कार्यकर्ता भारत के शैक्षिक परिसरों में छात्रसंघ व छात्र परिषद के चुनावों में विभिन्न पदों पर निरंतर जीत हासिल कर रहे हैं, यह विद्यार्थी परिषद की छात्रा-छात्रों के बीच लोकप्रियता, सक्रियता तथा समर्थन को प्रकट करता है।

गोवा विश्वविद्यालय में अभाविप की जीत ने परिसर में विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं की सक्रियता व सांगठनिक कौशल का परिचय दिया है। अभाविप ने गोवा विश्वविद्यालय के अंदर छात्र हित में सदैव प्रखरता से आवाज उठाई है, इसी का परिणाम है कि शीर्ष दो पदों पर अभाविप के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। जहां अन्य छात्र संगठन केवल चुनावों में सक्रिय नज़र आते हैं, वहीं अभाविप कार्यकर्ता वर्षभर परिसर में सक्रिय रह छात्रों की समस्या के निवारण के साथ छात्रा-छात्रों के बहुआयामी नेतृत्व हेतु तत्पर रहते हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि," अभाविप गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव में शीर्ष दो पदों सहित एग्जीक्यूटिव काउन्सिल के सभी 6 पदों पर कार्यकर्ताओं की जीत पर उन्हें शुभकामनाएं देती है। अभाविप कार्यकर्ताओं की जीत छात्रों में अभाविप के प्रति बढ़ते विश्वास का परिचायक है। गोवा विश्वविद्यालय में मिले नेतृत्व अवसर का सम्मान करते हुए अभाविप विश्वविद्यालय में वर्ष भर छात्रहित में काम करने एवं विश्वविद्यालय में शैक्षिक परिवेश को बेहतर बनाने हेतु संकल्पित है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गयी है।)